आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 16.02.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– राज्य के सभी जिलों में संस्कृत ग्राम विकसित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है।
- राज्य विधानसभा का बजट सत्र आगामी 18 फरवरी से होगा शुरू, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने सत्र की तैयारियों को लेकर उच्च अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश।
- देहरादून में स्वयं सहायता समूहों की आजीविका बढाने और स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आधुनिक आउटलेट खोले जाएंगे।
- **और...** प्रदेश सरकार, आदि कैलाश व ओम पर्वत की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू करेगी हेली सेवाएं।

**छात्रवृत्ति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य के सभी 13 जिलों में 13 संस्कृत ग्राम विकसित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। आज देहरादून में आयोजित छात्रवृत्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयत्नशील है।

उन्होंने कहा कि हरिद्वार स्थित उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी की ओर से विभिन्न सम्मेलन, कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देवभाषा संस्कृत के प्रचार के लिए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में श्री धामी ने संस्कृत शिक्षा से जुड़े हुए 261 छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया।

**बजट सत्र**

उत्तराखंड विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने आज देहरादून में 18 फरवरी शुरू होने वाले पंचम विधानसभा के बजट सत्र की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस प्रशासन और विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में विधानसभा सत्र के सुचारू संचालन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि आगामी विधानसभा सत्र पहली बार ई–नेवा (नेशनल ई विधान एप्लिकेशन) के अंतर्गत भी संचालित हो रहा है। इसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों की टेक्नोलॉजी सहायता के लिए दो इंजीनियरों को सत्र अवधि में विधानसभा भवन में नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, पूरे विधानसभा परिसर में वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

श्रीमती भूषण ने विधानसभा सत्र के दौरान बोर्ड परीक्षार्थियों और एम्बुलेंस की आवाजाही में कोई व्यवधान उत्पन्न न होने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से परीक्षा के लिए जा रहे बच्चों के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात की, जिसमे ट्रैफिक एडवाइज़री, स्कूलों को एडवाइज़री सुनिश्चित करें ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## जागरूकता संदेश

उत्तरकाशी की श्रुति रावत ने दस हजार किलोमीटर की यात्रा कर देश वासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस उपलब्धि के लिए श्रुति को इंडिया व एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित किया है। बता दें कि साइकिल यात्रा के दौरान श्रुति ने भारत के आठ राज्यों, नेपाल सहित उच्च हिमालय दरों और विश्व की सबसे ऊंची झील को भी साइकिल से पार किया था। इसके अलावा श्रुति 2 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा 2022 में पर्यावरणविद व पद्मभूषण डा. अनिल प्रकाश जोशी के साथ भी तय की। जो कि वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही हैं।

## आउटलेट

देहरादून में स्वयं सहायता समूहों की आजीविका बढाने और स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आधुनिक आउटलेट खोले जाने की योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। ये जानकारी देते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि शुरूआती चरण में 04 स्थानों कचहरी परिसर, सुद्धोवाला, कोरोनेशन हास्पिटल और गुच्चुपानी में जल्द ही आधुनिक आउटलेट खोंले जाएंगे। इन आउटलेट के खुलने से जनमानस को पौष्टिक भोजन और आर्गेनिक उत्पाद मिलेंगे। इससे महिला स्वंय सहायता समूहों को रोजगार के साथ ही उनके उत्पादों को विपणन की सुविधा के लिए उचित प्लेटफार्म मिलेगा।

## आदि कैलाश

प्रदेश सरकार लगातार आदि कैलाश व ओम पर्वत की यात्रा को बढ़ावा देने का काम कर रही है। पिथौरागढ़ जिले के आदि कैलाश और ओम पर्वत दर्शन के लिए शीतकाल में पहली बार हेली सेवा संचालित की जाएगी। रुद्राक्ष एविएशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से नवंबर माह में एमआई–17 हेलिकॉप्टर से सेवा शुरू की जाएगी। बीते दिनों राज्य कैबिनेट की बैठक में इसको मंजूरी दी गई है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे का कहना है कि प्रदेश सरकार ने शीतकाल में आदि कैलाश व ओम पर्वत के दर्शन के लिए हेली सेवा को मंजूरी दी है। इससे उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बागेश्वर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू लता यादव ने कहा कि वर्तमान में बालिकाओं के घटते लिंगानुपात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गर्भ में लिंग परीक्षण जैसे अपराध आज भी समाज में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में फैल रही इस बुराई को मिटाने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा।

कार्यक्रम में महिला स्वास्थ्य एवं आरोग्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना व मिशन शक्ति योजना की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी अपराध से पीड़ित महिलाएं वन स्टॉप सेंटर पर संपर्क कर सकती हैं।

## आलू की खेती

चंपावत जिले समेत पहाड़ी इलाकों में इन दिनों आलू की बुआई की जा रही है। जिले के चंपावत, डुंगरा सेती, खूनाबोरा, रैनागर, फोर्ती, विशुग, खेतीखान देवीधुरा आदि इलाकों में खेतों को तैयार करने के साथ ही अगेती फसल की बुवाई हो रही है। जिला उद्यान अधिकारी टीएन पांडे ने बताया कि जिले में 900 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू की खेती होती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मुनस्यारी आलू संघ मदकोट की ओर से चंपावत, लोहाघाट, खेतीखान, देवीधुरा उद्यान सचल केंद्रों से 50 प्रतिशत अनुदान पर 700 क्विंटल आलू का बीज वितरित किया गया है।

किसान राजेंद्र सिंह रावत का कहना है कि आलू की खेती फरवरी से मार्च तक की जाती है और इससे उन्हें काफी लाभ होता है।